53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.0°c | अधिकतम 28.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:22, सूर्यास्त - 7:23 | वर्ष : 53/ अंक : 180 | मंगलवार, 01 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सफलता की वह ऊंचाई
किसी अभिशाप से कम नहीं
जो इंसानियत और दयाभाव
खोकर प्राप्त की गई हो।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अखिलेश यादव शुद्ध रूप से फ्रस्ट्रेटेड हो गए हैं : महंत राजू दास



दवा करे या दुआ करे कोई.... ऐसे नेता का क्या करे कोई.?.....

# घरों और दुकानों के अंदर तैरता दिखाई दिया विकास

## मत बजाओ विकास के झूठे ढोल, रिकॉर्ड बारिश ने खोल दी तुम्हारी पोल

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर में मानसून की रिकॉर्ड तोड़ बारिश ने अपनी सारी हदें पार कर दी। 130 एमएम बारिश ने एक ओर जहां मौसम में तो बेशक राहत दी मगर राहत के साथ जो आफत आई, वो जनता से झिल नहीं पाई। देर रात्रि लगभग 12:45 से ही झमाझम बारिश शुरू हुई और तकरीबन सुबह 11 बजे तक रुकने का नाम नहीं लिया। और बारिश भी ऐसी कि शायद ही कोई इलाका बचा हो जहां जलभराव न हुआ हो। रामलीला टिल्ला से लेकर पॉश कॉलोनी गांधी कॉलोनी, नई मण्डी, एकता विहार, रामपुरी, जनकपुरी, मोती महल, नुमाइश कैम्प, बझेड़ी अंडर पास के अलावा शिवचौक, झांसी की रानी, नावल्टी चौक, अस्पताल चौराहा, तक घुटनों से ऊपर तक का पानी आ जाने से चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गयी। विभिन्न इलाकों में पानी के बीचों बीच खड़े होकर आमजन ने नेताओं को जमकर कोसा और साफ तौर पर कहा कि विकास के दिखावे के ढोल बजाने से अब काम नहीं चलेगा, क्योंकि पहली ही बारिश में विकास के खोखले दावों की सारी पोल खोलकर रख दी है। अब नेताओं को गलियों में आकर यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्होंने कहां कहां विकास किया है। टूटी फूटी सड़कें, गहरे गड्ढे और प्रत्येक मौहल्ले में जल भराव ने अटे हुए नालों की सारी हकीकत बयां करके रख दी है। रविवार को विकास सड़कों पर खुद तैरता हुआ दिखाई दिया। जब यह विकास घरों, दुकानों में घुसा तो यह बताने की जरूरत नहीं रही कि कितना विकास हुआ है। हालांकि जनता का विरोध देख नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप जनता का गुस्सा शांत करने के लिए खुद सड़कों पर उतरी और पानी के बीच ही जनता की समस्याओं को सुना। अब इन समस्याओं का कितना निवारण हो पाएगा, यह बात बाद की बात है, मगर जो हाल रविवार को मुजफ्फरनगर का दिखाई दिया, यह बद से भी बदतर हाल था।







### हमें भी सुधरना होगा, त्यागने होंगे पन्नी के थैले और थर्माकोल के गिलास

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** नगरपालिका बरसात आने से चंद दिन पहले लाख कोशिशें करती है कि पन्नी पर छापेमार अभियान चलाये और जनता को डराये, मगर रविवार को घरों और दुकानों में भरे पानी की दुर्दशा का नजारा देखकर यदि हमने स्वयं सबक ना लिया तो कोई नेता शहर को पानी से लबालब भरने से नहीं रोक पायेगा। हम लोगों को थर्माकोल व प्लास्टिक के गिलासों को इस्तेमाल करना तो बंद करना होगा ही होगा। साथ ही साथ पालीथिन को भी पूरी तरह बंद करना पड़ेगा। नेता कहें ना कहे यह हमारा स्वयं का फर्ज है कि हमें अपने घरों और दुकानों को जलभराव से कैसे बचाना है। सच माने तों रविवार को अलग-अलग घरों में घुसे पानी व दुकानों में घुसे पानी का आंकलन करें तो करोड़ों रूपये की आर्थिक हानि हुई है। किसी की घर की नींव में पानी भर गया तो किसी बिजली के सामान की दुकान में सामान फूंक गये, तो कहीं कपड़े की दुकान में दुकानदार कपड़ा निचोडते दिखाई दिये। ऐसे में हम सबको इसी बात का सबक लेना होगा कि पहले तो इन चीजों का प्रयोग ही ना किया जाये, दूसरा प्रयोग करने के बाद इन्हें नाले-नालियों में ना फेंका जाये।

## भयावह हादसा : तेज रफ्तार तीव्र मोड़ पर नहीं संभल पाई कार, चार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** थाना छपार क्षेत्र में पानीपत खटीमा मार्ग पर ओवरब्रिज से अनियंत्रित इनोवा कार लगभग 15-20 फुट नीचे जा गिरी। दरअसल गुजरात के रहने वाले पांच लोग केदारनाथ की यात्रा को जा रहे थे। छपार थाना क्षेत्र के पानीपत-खटीमा मार्ग पर ओवरब्रिज पर जैसे ही तीव्र मोड़ आया तो चालक ने गाड़ी की स्पीड 100 की ही रखी, ऐसे में मोड़ पर गाड़ी काबू नहीं रह पाई और सीधे ग्रिल पार करते हुए 15-20 नीचे खाई में जा गिरी। खौफनाक हादसे को देखकर आने जाने वालों की सांसे वहीं के वहीं थम गयी और सभी ने अपने वाहनों के पहिए थामकर खाई में झांककर देखा तो गाड़ी की दुर्दशा देखी नहीं गयी। आनन-फानन में पुलिस को इसकी सूचना दी गयी तो स्वयं एसएसपी सहित पूरा पुलिस अमला हादसे की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचा और क्रेन की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया। मौके पर ही पांच में से चार लोगों की मौत हो गयी। थाना प्रभारी विकास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि भरत, विपुल, करण व अमित तारापुर गांधी नगर निवासी गुजरात की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उनका साथी जिगर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां से उसे गंभीर







हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया वहीं परिजनों को घटनाक्रम की सूचना दे दी गयी है।

### बारिश में मकान गिरने से वृद्धा की मौत, एसडीएम ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** नगर में रूक-रूककर हो रही बारिश की वजह से एक मकान भरभराकर गिर गया, जिसके मलबे में दबने से 80 वर्षीया बुजुर्ग महिला भरतो की मौत हो गई। मौके पर पहुंची एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। रुक-रुककर हो रही बरसात से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नगर के छपरा गांव में बड़ा हादसा हो गया। बारिश के चलते एक मकान भरभराकर गिर गया, जिसके मलबे में दबने से 80 वर्षीया वृद्धा भरतो की मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। वृद्धा के शव को मलबे से निकाला गया। वहीं एसडीएम सदर निकिता शर्मा भी मौके पर पहुंच गई और हादसे की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। हादसे के बाद पूरे गांव में गम का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वृद्धा भरतो सभी से बेहद करीब थी। उनका मकान कच्चा था, जो तेज बारिश को झेल नहीं पाया और भरभराकर गिर गया, जिसके बाद से पीड़ित परिवार के मिलने ग्रामीणों का आना-जाना लगा हुआ है।

## भयंकर आग से रामा साईकिल स्टोर का लाखों रुपये का नुकसान

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रुड़की रोड स्थित आनंद भवन मार्किट में दुकान करने वाले रामा साइकिल स्टोर पर भयंकर आग लग गयी। सुबह 6:05 मिनट पर दूध की डेयरी करने वाले एक भले मनुष्य ने किसी तरह नुमाइश कैम्प निवासी रामा साईकिल स्टोर के मालिक कुलभूषण बजाज व राकेश बजाज को सूचना दी कि उनकी दुकान में से धुआं निकल रहा है। आनन फानन में दोनों भाई व परिवार के अन्य लोग दुकान पर पहुंचे तो जैसे ही शटर खोला तो पूरी दुकान आग से भभक रही थी। इसी बीच क्षेत्र व समाज के विनोद डाबर, पड़ोसी अनिल सोबती आदि ने अपने परिवार के लोगों को बुलाकर आग पर काबू पाने के लिए जमकर रेत व पानी डालना शुरू किया। क्षेत्र के सभी लोगों की मदद से जब आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गयी। तुरन्त दमकल विभाग दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर दो घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी दुकान का सामान जलकर स्वाह हो चुका था। दुकान का माल स्वाह होता देख परिवार के लोगों में आंसू आ गए मगर समाज के लोगों ने वहां पहुंचकर ढांढस बंधाया। सर्वसमाज के लोग सुबह से लेकर शाम तक इस दुःखद घटना पर अफसोस जाहिर करने के लिए आनन्द भवन के प्रतिष्ठान पर पहुंचे और परिवार को आश्वासन दिया कि कठिन समय की घड़ी में पूरा समाज उनके साथ है।






## सिर पर टोपी, सफेद दाढ़ी वाला 60 वर्षीय बुड्ढा गिरफ्तार होते ही करता दिखाई दिया नाटक

### सोशल मीडिया पर लोग बोले जितनी छिताई की जाए, उतनी कम

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** आए दिन असामाजिक तत्वों के थूकने, मूत्र करने, छेड़ने, पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने और न जाने कितनी तरह की करतूत सामने आती हैं, मगर रविवार को लम्बी सफेद दाढ़ी रखे, सिर पर टोपी लगाए लगभग 60 वर्षीय बुड्ढे ने तब सारी हदें पार कर दी जब एक महिला से मेरठ रोड स्थित लोहिया बाजार के बाहर अश्लील छेड़छाड़ कर डाली। उक्त समाचार सिर्फ मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया और अपने सोशल मीडिया के जरिए उक्त घटना का वीडियो वायरल किया गया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद उक्त बुजुर्ग को वहीं से पकड़ लिया, जहां का पता मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा कल ही अपने समाचार पत्र में यह बात लिख दी गयी थी कि उक्त बुड्ढा पान मंडी में कहीं रहता है। जब पुलिस ने इसकी तलाश की तो ज़लील हरकत करने वाला बुड्ढा रियाज पान मंडी की गली से ही हिरासत में ले लिया गया। और जब खालापार पुलिस ने उसे पकड़ा तो थाने से पुलिस द्वारा एक वीडियो वायरल किया गया, जिसमें हाथ कंपकपाता बुड्ढा ऐसे दर्शा रहा है जैसे उसे लकवा मार गया हो। मगर जब सोशल मीडिया पर लोगों ने यह वीडियो देखा तो साफतौर पर कहा कि सब नौटंकी कर रहा है और इस जैसे नीच को तो जितना पीटा जाए, उतना कम है। ऐसे लोगों की जगह कब्र में होनी चाहिए। स्वयं सीओ सिटी रामाशीष यादव ने अपनी बाइट देते हुए बताया कि पान मण्डी के रहने वाले 60 वर्षीय इस बुजुर्ग ने लोहिया बाजार की गली के बाहर एक महिला के हिप्स पर अश्लील छेड़छाड़ की थी, जिसे पकड़कर जेल भेज दिया गया है।



### पूर्व प्रधान की हत्या में पांच को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** 15 जुलाई 2021 को खेत में काम कर रहे मांगेराम की गांव के ही नीश उर्फ अजीत पुत्र विजयपाल, विजयपाल पुत्र जबरसिंह, अंकुर पुत्र विजय पाल, गोविन्दा पुत्र अजयपाल व सौरभ निवासी थाना ढांसरी, ककरौली ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं हत्या के बाद हत्या का रहस्य छिपाने के लिए मांगेराम पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी गयी थी। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी कमल कुमार ने उक्त मामले में सोमवार को यह जानकारी दी कि पूर्व प्रधान मंगेराम को रंजिश के चलते मौत के घाट उतारा गया था, क्योंकि पूर्व प्रधान ने नीश परिवार के दादा जबरसिंह की कई साल पहले हत्या की थी। इस मामले में पूर्व प्रधान के बेटे युद्धवीर ने सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ हत्या के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट 6 की न्यायाधीश रेखा सिंह की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए सभी पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ साथ 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है।




## पेपर के साथ ही मशीन में रोल हो गया मजदूर, तोड़ा दम

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** जानसठ के गांव निराना की सिद्धेश्वरी पेपर मिल में रविवार रात काम करते समय पेपर रोल मशीन की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। परिजनों व ग्रामीणों ने मजदूर की मौत को लेकर पेपर मिल में हंगामा किया। ग्रामीणों ने ठेकेदार के साथ मारपीट की। सिखेड़ा पुलिस ने समझा-बुझाकर परिजनों व ग्रामीणों को शांत किया। इसके बाद मिल मालिक और गण्यमान्य लोगों की बैठक हुई, जिसमें मजदूर के परिजनों को 11 लाख रुपये मुआवजा धनराशि देने के आश्वासन पर समझौता हुआ। सिखेड़ा क्षेत्र के गांव निराना का रहने वाला नौमान (41) पुत्र इमरान पिछले कई साल से गांव निराना के सामने स्थित पेपर मिल में मजदूरी करता था। रविवार रात मिल में काम करते समय पेपर रोल मशीन की चपेट में आने से मजदूर घायल हो गया। इस दौरान वहां मौजूद ठेकेदार जानसठ क्षेत्र के गांव सालारपुर निवासी शाहरुख मजदूर नौमान को लेकर मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल पहुंचा, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पेपर मिल स्टाफ ने मृतक मजदूर के परिजनों को कॉल कर जानकारी दी। सोमवार सुबह मजदूर की मौत की खबर सुनकर परिजन, ग्रामीण पेपर मिल में पहुंचे। यहां पर उन्होंने मजदूर नौमान की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। ग्रामीणों ने ठेकेदार शाहरुख के साथ मारपीट कर दी, जिसको लेकर जमकर हंगामा हुआ। सिखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को बामुश्किल समझा शांत किया। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंच कर मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पेपर मिल मालिक दीपक बंसल और गांव निराना के ग्राम प्रधान अय्यूब अंसारी, पूर्व प्रधान इस्तखार, सहकारी समिति के डायरेक्टर मरगूब आदि के बीच समझौता को लेकर बैठक हुई, जिसमें 11 लाख रुपये पीड़ित परिजनों को देने पर सहमति बनी।



## अब शुरू हुई पाकिस्तान जिंदाबाद करने वाले छात्रों से पूछताछ

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रुड़की रोड पर स्थित एक इंस्टीटयूट में पढ़ने वाले दो छात्र अनस पुत्र नईम व कैफ पुत्र मुजीब इंस्टीटयूट में अन्य छात्रों से पाकिस्तान जिंदाबाद, हिन्दुस्तान मुर्दाबाद के नारे लगवा रहे थे, जिसके बाद हिन्दू संगठनों ने इंस्टीट्यूट संचालक सहित दोनों छात्रों को आड़े हाथों लेकर इनसे पूछताछ की, पूछताछ के बाद बाकायदा दोनों ने स्वीकार किया था कि हां उन्होंने गफलत में आकर ये नारे लगवाए थे। आपको बता दें कि उक्त इंस्टीट्यूट का संचालक जुनैद अली है और दोनों छात्र भी मुस्लिम वर्ग से हैं। ऐसे में दो दिन पहले जब उक्त दोनों छात्रों का समाचार मुजफ्फरनगर बुलेटिन में प्रमुख से प्रकाशित हुआ तो इस मामले में पुलिस ने दोनों छात्रों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि जल्द ही दोनों छात्रों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल दोनों छात्रों के परिजन पुलिस व अधिकारियों के हाथ-पैर जोड़कर उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे हैं मगर सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब छात्र जीवन में ही दिमाग में जेहाद घुसा हुआ है, तो ऐसे छात्रों को यदि सजा नहीं मिलती तो आगे जाकर देश का भविष्य कैसे होगा, यह अनुमान इन छात्रों की सोच से लगाया जा सकता है कि आगे जाकर यह जेहाद किस बात का रूप लेगा। ऐसे में इन छात्रों को सजा तो हर हाल में मिलनी ही चाहिए। उक्त छात्रों के खिलाफ पुलिस ने संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।



### 5-5 लाख लो और देश से चलते फिरते नजर आओ

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू संगठनों का प्रशासन से अनुरोध है कि मुजफ्फरनगर ही नहीं देश में ऐसी मानसिकता के जितने भी लोग पल रहे हों, हिन्दू संगठन उनके नाम की एक सूची प्रशासन से तैयार कराने का अनुरोध करता है और जितने भी ऐसे मुस्लिम देश में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे बोलने को तैयार हों, क्यों न उन्हें पाकिस्तान की सरहद पर ही छोड़ दिया जाये। हिन्दू संगठनों का यहां तक कहना है कि यदि इनके पास जाने के लिए पैसे भी न हों तो 5-5 लाख रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से इकट्ठा करके इन्हें दे दिया जायेगा, मगर ऐसे लोग यहां पलने लायक नहीं हैं। ऐसे में उनका पाकिस्तान प्रेम भी पूरा हो जाएगा और इस तरह की देशद्रोही मानसिकता रखने वाले यहां से टल भी जाएंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवती की मौत

**खतौली, 30 जून (बु.)।** नगर की दयालपुरम कॉलोनी निवासी तबस्सुम पुत्री कमरूददीन अपने परिवार के ही एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अपने भाई के साथ बाइक द्वारा खतौली से जा रहे थे। बताया जाता है कि जब उनकी बाइक गांव भंगेला पुलिस चौकी के निकट पहुंची तो इसी दौरान बैंकट हॉल में जाने के लिए दिशा बदलते हुई भीषण बारिश के दौरान बाइक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गयी। दुर्घटना में बाइक सवार भाई-बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर चोट लगने से तबस्सुम की मौत हो गयी। युवती की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### हरदोई में मासूम का शव नाले में मिला, दुष्कर्म का आरोप


**हरदोई 30 जून (वार्ता)** हरदोई जिले के पचदेवरा क्षेत्र में रविवार शाम एक छह वर्षीय बालिका का शव नग्न अवस्था में नाले से पुवाल से छिपाया हुआ मिला है। बालिका सुबह अपने घर के बाहर से गायब हो गई थी। परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन बालिका नहीं मिली तो शक के आधार पर गांव में एक व्यक्ति के बिहार के घरेलू नौकर से गांव वालों और पुलिस ने पूछताछ की। नौकर की निशानदेही पर बालिका का शव नग्न अवस्था में गांव के बाहर एक नाले से बरामद किया गया। जिसे पुवाल से छिपाया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। परिजनों के मुताबिक आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या करने के बाद नाले में फेंक दिया था।

## चेयरपर्सन ने किया निरीक्षण, पालिका में 10 कर्मी गैर हाजिर

**मुजफ्फरनगर, 30 जून (बु.)।** पालिका में सुधार कराने की मंशा के साथ काम रही चेयरपर्सन को उसके अधीनस्थ कर्मचारी सफल

**हालात न सुधरने पर दिए इन कर्मियों का वेतन काटने के निर्देश**

नहीं होने दे रहे हैं। कहना गलत न होगा कि उनका नम्र रवैया ऐसे कर्मियों में काम के प्रति प्रेरित करने के बजाए गैर जिम्मेदार बना रहा है।



यह बात सोमवार को उस वक्त सही साबित हुई, जब बारिश के बीच अपने निरीक्षण के बाद नगरपालिका में पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को टाउनहाल परिसर में बनाई पार्किंग की व्यवस्था बेपटरी होने के साथ विभागीय निरीक्षण में 4 विभागों में कार्यरत दस कर्मचारी गैर हाजिर मिले। चेयरपर्सन ने सभी कर्मियों का वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप सोमवार को बारिश से मची नगर क्षेत्र में तबाही के बाद टाउनहाल पहुंची और उन्होंने कार्यालयों का औचक निरीक्षण करते हुए यहां की व्यवस्था को परखा। उन्होंने पालिका परिसर में बेतरतीब खड़े दो पहिया वाहनों को लेकर वहां तैनात गार्ड को हड़काया। उन्होंने स्टोर कीपर तनवीर आलम से पूर्व में बनाई गई वाहन पार्किंग व्यवस्था का उपयोग नहीं कराने पर नाराजगी जताते हुए जवाब तलब किया। वहीं सिक्योरिटी गार्ड आपूर्तिकर्ता फर्म के ठेकेदार को बुलाकर नया गार्ड उपलब्ध कराने व ड्यूटी के प्रति लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। चेयरपर्सन ने कर विभाग का निरीक्षण करते हुए मुख्य लिपिक प्रवीण कुमार से हाजिरी रजिस्टर के अनुसार विभागीय कर्मियों की अपने सामने हाजिरी ली। इसमें कई कर्मी नदारद मिले। उन्होंने सभी विभागों के हाजिरी रजिस्टर कब्जे में लेकर अपने कार्यालय में समीक्षा की, जहां पर 10 कर्मी गैर हाजिर मिले, इनमें कर विभाग से मोहन वेद, अरुण कुमार, रोहिल कुमार, नूर मौहम्मद, अनु जोशी, स्वास्थ्य विभाग से संजय कुमार, राजीव कुमार और सोनू अनुचर, जलकल से इमरान खान और निर्माण विभाग से बिजेन्द्र कुमार शामिल रहे। कई कर्मचारी तो हाजिरी लगाने के बताए बिना सूचना के गायब हो गये थे। इस पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागाध्यक्षों को सभी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी कड़ी नाराजगी जताई कि निर्माण विभाग के नये एई नेपाल सिंह, एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही व एसएफआई वैशाली सोती का नाम उपस्थिति पंजिका में कार्यभार ग्रहण करने के बाद आज तक भी दर्ज नहीं कराया गया है। उन्होंने इसके लिए संबंधित लिपिक को चेतावनी के साथ अधिकारियों का नाम उपस्थिति पंजिका में दर्ज कराने के साथ प्रतिदिन उनकी उपस्थिति लगवाने के निर्देश दिए।

### सीमेंट स्लेब के नीचे दबकर छः वर्षीय किशोर की मौत

**भोपा, 30 जून (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मौहल्ला नई बस्ती में खलील अब्बासी का छःवर्षीय पुत्र अजीम घर मे खेल रहा था, तभी अचानक दीवार से लगा हुआ भारी वजनदार स्लेब उस पर गिर गया। गर्दन के पास चोट लग जाने से अजीम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने अजीम को मृत घोषित कर दिया। बालक अजीम की मौत से परिवार मे मातम छा गया है।

